दिनांक 19.10.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मास्क एवं सोशल डिस्टेंस की अपील के साथ ही दुर्गा पंडाल परिसर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाइज

भिलाईनगर/ महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव और आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुदसार नगर पालिक निगम प्रशासन की टीम कोरोना के संक्रमण को रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चला रही है। शहर के दुर्गा पांडालों की साफ-सफाई और नियमित रूप से सेनेटाइज किया जा रहा है। दुर्गा पंडाल और धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन ने मानिटरिंग के लिए जोन स्तर पर विशेष टीम बनाई गई है। यह टीम शहर के सभी दुर्गा पंडालों की सफाई व्यवस्था के साथ ही सोडियम हाइपो क्लोराइड के घोल का छिड़काव कर रही है। पूजा स्थल पर माता के दर्शन के दौरान सोशल डिस्टेसिंग का पालन हो रहा है या नहीं इस पर ध्यान रख रही है। वहीं टीम द्वारा श्रद्धालुओं को सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए माता का दर्शन करने के लिए कहा जा रहा है। एक-दूसरे से निर्धारित दूरी बनाकर खड़े होने की अपील कर रही है। सेनेटाइज करने लिए कर्मचारियों की टीम जोन आयुक्त ने नगर पालिक निगम और जिला प्रशासन से अनुमति प्राप्त धार्मिक स्थल और दुर्गा पंडाल स्थल को सैनिटाइज करने के लिए वार्ड स्तर पर टीम बनाई है। प्रत्येक टीम में पांच कर्मचारी सहित वार्ड प्रभारी उप अभियंता को शामिल किया गया है। कर्मचारी सुबह दुर्गा पंडाल की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही परिसर को सैनिटाइज कर रहे हैं। वहीं दुर्गा पंडाल पहुंचने वाले श्रद्धालु मास्क पहनकर आ रहे हैं या नहीं इसकी मानिटरिंग कर रही है। श्रद्धालुओं को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए माता के दर्शन करने के लिए अपील किया जा रहा है।